BGGCT-132

सत्रीय कार्य पुस्तिका

विज्ञान में स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.एससी.)
में
कोर पाठ्यक्रम
मानव भूगोल

1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक वैध

विज्ञान विज्ञापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी
नई दिल्ली–110068
(2024)

प्रिय विद्यार्थी,

आपके नामांकन के बाद हमने आपको स्नातक उपाधि कार्यक्रम की कार्यक्रम दर्शिका भेजी थी। उसमें सत्रीय कार्य से संबंधित जो भाग है, उसे कृपया पढ़ लें। जैसा कि आप जानते हैं, सतत मूल्यांकन के लिए 30% अंक निर्धारित किये गये हैं। इसके लिए आपको इस पाठ्यक्रम का **एक सत्रीय कार्य** हल करना होगा। यह सत्रीय कार्य इस पुस्तिका में शामिल है और इसमें तीन भाग हैं, भाग ए, भाग बी और भाग सी। तीनों भागों के कुल अंक 100 हैं। सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए आपको 35% अंक चाहिए।

सत्रीय कार्य से संबंधित निर्देश

सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले, निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

1) अपनी TMA उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार विवरण लिखें।

नामांकन संख्या : ....
नाम : ....
पता : ....
....

पाठ्यक्रम कोड : ....
पाठ्यक्रम शीर्षक : ....
सत्रीय कार्य कोड : ....
अध्ययन केंद्र : .... दिनांक : ....

कार्य के सही और शीघ्र मूल्यांकन के लिए दिये गए प्रारूप का सही अनुसरण करें।

2) अपने उत्तर लिखने के लिए फुलस्कैप काग़ज़ का इस्तेमाल करें, जो बहुत पतला न हो।
3) प्रत्येक कागज़ पर बायें, ऊपर और नीचे 4 cm जगह छोड़ें।
4) आपके उत्तर सटीक और अपने शब्दों में होने चाहिए।
5) इस सत्रीय कार्य के भाग ए, भाग बी और भाग सी हल करें, और **भाग ए, भाग बी और भाग सी सहित संपूर्ण सत्रीय कार्य को वैध तिथि के भीतर अपने अध्ययन केंद्र में जमा कर दें।**
6) आपको अपनी सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका दिए गए समय के भीतर जमा करनी है। **वैध तिथि के बाद** सत्रीय कार्य उत्तर पुस्तिका नहीं ली जायेगी।
हमारा सुझाव है कि आप अपने सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
7) यह सत्रीय कार्य **01 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक वैध** है। यदि आप इस सत्रीय कार्य में उत्तीर्ण नहीं हो पाते या इसे दिसंबर, 2024 से पहले जमा नहीं कर पाते तो फिर आपको **2025** का सत्रीय कार्य करना होगा और कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इसे जमा करना होगा।
8) यदि आप इस सत्रीय कार्य को जमा नहीं करेंगे तो **आप इस पाठ्यक्रम का सत्रांत परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकेंगे।** किसी भी पूछताछ के लिए आप कृपया संपर्क करें : **subhakanta@ignou.ac.in/ vijaybaraik@ignou.ac.in** ।

हमारी शुभकामानाएं आपके साथ हैं।

सत्रीय कार्य
(अध्यापक जांच सत्रीय कार्य)
मानव भूगोल

पाठ्यक्रम कोड : **BGCCT-132**
सत्रीय कार्य कोड : **BGCCT -132/TMA/2024**
कुल अंक : 100

भाग–क

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं

1. तीन अलग–अलग अवधियों में मानव भूगोल के प्रमुख विकास के साथ इसके क्रम–विकास पर चर्चा कीजिए।
2. नियतिवाद, संभावनावाद और नव–नियतिवाद के संदर्भ में मानव भूगोल के अध्ययन के विभिन्न उपागमों / दृष्टिकोणों की व्याख्या कीजिए।
3. जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत की आलोचनात्मक चर्चा कीजिये।
4. नगरों की आंतरिक संरचना का उपयुक्त चित्र सहित विस्तृत विवरण दीजिए।

भाग–ख

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 10 अंक के हैं।

5. भारत में प्रमुख धर्मों की धार्मिक संरचना और भौगोलिक वितरण पर चर्चा कीजिए।
6. भारत में भाषा परिवार के अनुसार प्रमुख भाषाओं के वितरण के साथ भाषा परिवार आधारित भाषाई क्षेत्रों पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए।
7. शहरी विकास की प्रमुख समस्याओं और उनसे जुड़े कारकों पर उपयुक्त उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए।

भाग–ग

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न 5 अंक के हैं।

8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें:

   क) मानव भूगोल की प्रकृति और परिप्रेक्ष्य
   बी) गर्म और ठंडे क्षेत्रों में मानव अनुकूलन
   ग) भारत में जनसंख्या के प्रजातीय तत्व
   घ) प्रगतिशील और प्रतिगामी जनसंख्या के साथ आयु–लिंग संरचना
   ई) प्रवास के आर्थिक और सामाजिक परिणाम
   च) ग्रामीण बस्तियों के प्रकार